ई—मेल—pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल—9798431468

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन—सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना—800022

प्रेस—विज्ञप्ति

राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा के आठ प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 18 अगस्त 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान से आज राजभवन पहुँचकर भारतीय प्रशासनिक सेवा के आठ प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने मुलाकात के क्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों से ईमानदारी, संवेदनशीलता और निष्ठा के साथ कार्य करने तथा समाज के गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाने हेतु सभी आवश्यक प्रयास करने को कहा। उन्होंने उनसे कहा कि लोगों की समस्याओं और वास्तविकताओं की जानकारी प्राप्त करने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु जन प्रतिनिधियों के साथ संवाद एवं उनसे पर्याप्त सहयोग लेना श्रेयस्कर होता है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों के इस दल में श्री श्रेष्ठ अनुपम, श्री प्रदीप सिंह, सुश्री चंद्रिमा अत्रि, सुश्री अनुपमा सिंह, श्री श्रीकांत कुण्डलिक खांडेकर, श्री कुमार निशांत विवेक, श्री अभिषेक पलासिया एवं श्री सेधु माधवन एस० शामिल थे।

....